रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/94 REGD. NO. D.L.-33004/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 171] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 28, 1994/कार्तिक 6, 1916
No. 171] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 28, 1994/KARTIKA 6, 1916

वाणिज्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर, 1994

विषय : जापान से ऐक्रीलेनिट्राईल बुटेडीन रबड़ (एन बी आर) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच आरम्भ करना

सं. 25/एडीडी/94.—मैसर्स गुजरात अपार पोलीमर्स लि. ने सीमाशुल्क टैरिफ (डम्प की गई वस्तुओं पर शुल्क अथवा अतिरिक्त शुल्क की पहचान, मूल्यांकन एवं वसूली और क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1985 के नियम 7(1) के अनुसार जापान से ऐक्रीलेनिट्राईल बुटेडीन रबड़ (एन बी आर) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच आरम्भ करने के लिए मेरे पास एक याचिका दायर की है।

2. घरेलू उद्योग :

याचिका मैसर्स गुजरात अपारपोलीमर्स लि., 24, एस. ए. ब्रेल्वी रोड, बंबई-400001 द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने यह सिद्ध किया है कि इस उत्पाद का एक और उत्पादक है। देश में उत्पादित कुल एन बी आर में याचिकाकर्ता का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा होता है। अतः याचिकाकर्ता उक्त नियमावली के तहत घरेलू उद्योग होने की परिभाषा में आता है।

3. अन्तर्ग्रस्त उत्पाद :

ऐक्रीलेनिट्राईल बुटेडीन रबड़ (जिसका वैकल्पिक नाम निट्राइल रबड़ है) (एनबीआर) एक प्रकार का सिन्थेटिक रबड़ होता है। इसका प्रयोग मुख्यतः विभिन्न रबड़ वस्तुओं के विनिर्माण में होता है जैसे—आयल सील, होसेज, आटोमोटिव प्रॉडक्ट, गास्केट, राइस डिहास्किंग रोल, प्रिन्टर सप्लाई, फुटवियर उत्पाद, एप्रन तथा कोट, कोटेड फैब्रिक, आयल फील्ड उत्पाद, आदि एन बी आर भारतीय सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की अनुसूची-1 के शीर्षक 4002–59 के तहत वर्गीकरण के योग्य है और यह भारतीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित वस्तु विवरण एवं कोडिंग प्रणाली पर आधारित) सं. 4002-59—अन्य ऐक्रीलेनिट्राइल बुटेडीन रबड़ के अन्तर्गत आता है।

4. डम्पिंग :

एनबीआर का कुल आयात जो वर्ष 1992-93 में 3109 एमटी हुआ था। वर्ष 1993-94 में बढ़कर 6545 एमटी हो गया। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी, महानिदेशालय, भारत द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस मद का जापान से आयात जो वर्ष 1992-93 में 1863 एमटी हुआ था वर्ष 1993-94 में बढ़कर 4140 एमटी हो गया। जापान मूल के इस आयातित उत्पाद का औसत सीआईएफ मूल्य जो वर्ष 1992-93 में 37.92 रु. प्रति किग्रा. रहा था। वर्ष 1993-94 में घटकर 36.44 प्रति किग्रा. हो गया। इसकी औसत निर्यात कीमत उसके निर्यातक देश के घरेलू बाजार की कीमत से भी कम है।

5. क्षति :

आयात की समग्र मात्रा—कुल तथा जापान से आयातित दोनों को मिलकार—वर्ष 1992-93 की तुलना में वर्ष 1993-94 में दुगुनी से भी अधिक हो गई। आयात में 110 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद भारतीय उद्योग का बाजार हिस्सा जो वर्ष 1992-93 में 40 प्रतिशत रहा था, घटकर वर्ष 1993-94 में 27 प्रतिशत रह गया। इसका क्षमता उपयोग भी याचिकाकर्ता कम्पनी के मामले में 35 प्रतिशत पर और सम्पूर्ण उद्योग के लिए 29 प्रतिशत पर लगभग स्थिर रहा। घरेलू उद्योग को इस बात के लिए बाध्य होना पड़ा कि वह अपनी बिक्री कीमतों को अलाभकारी स्तर तक कम कर दे ताकि वह अपने उत्पाद का विपणन जापान मूल के वैसे ही उत्पाद की गिरती हुई कीमतों के लगभग बराबर मूल्य पर कर सके। याचिकाकर्ता कम्पनी को अपने उत्पाद की बिक्री-कीमत बिक्री लागत से भी कम करनी पड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि उसे (याचिकाकर्ता को) 1992-93 और 1993-94 दोनों ही वर्षों में हानि हुई।

6. प्रथम दृष्टया इस बात का स्पष्ट सबूत है कि जापान मूल के एनबीआर के आयात के परिणामस्वरूप भारतीय उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है।

7. पाटनरोधी जांच आरम्भ करना:

अतः मैं, एनबीआर की तथाकथित डम्पिंग होने, इसकी मात्रा और उसके प्रभाव की पाटनरोधी जांच आरम्भ कर रहा हूं।

8. अनुरोध करने के लिए समय सीमा तथा पता :

जापान के निर्यातकों और संबंधित आयातकों को इस आशय के अलग-अलग पत्र भेजे जा रहे हैं कि वे निर्धारित प्रपत्र में और निर्धारित ढंग से अपने-अपने विचार प्रस्तुत करें जो मुझे इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से 40 दिनों के भीतर निम्नलिखित पते पर पहुंच जाए :—

डा. जे. के. भागची
पदनामित प्राधिकारी एवं
अपर सचिव
वाणिज्य मंत्रालय
कमरा नं. 134-ए, उद्योग भवन
नई दिल्ली-110011
भारत

अन्य इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि वे इस जांच से संबंधित अपने-अपने विचार मुझे निर्धारित प्रपत्र में उपरोक्त पते पर नियत समय-सीमा के भीतर भेज दें।

जे. के. भागची, पदनामित प्राधिकारी एवं अपर सचिव

MINISTRY OF COMMERCE
NOTIFICATION

New Delhi, the 28th October, 1994

Subject : Initiation of anti-dumping investigation concerning import of Acrylenitrile Butadiene Rubber (NBR) from Japan

No. 25/ADD/94.—M/s. Gujarat Apar Polymers Ltd. has filed a petition before me for initiation of anti-dumping investigation concerning the import of Acrylenitrile Butadiene Rubber (NBR) from Japan in accordance with Rule 7(1) of the Customs Tariff (Identification, Assessment and Collection of Duty or Additional Duty on Dumped Articles and for Determination of Injury) Rules, 1985.

2. Domestic Industry

The petition has been filed by M/s. Gujarat Apar Polymers Ltd., 24, S. A. Brelvi Road, Bombay-400 001. The petitioner has averred that there is one more producer of the product. The petitioner's production of NBR accounts for 90% approximately of the total production in the country. Therefore, the petitioner satisfies the definition of domestic industry under the Rules above said.

3. Product involved

Acrylenitrile Butadiene Rubber (alternately known as Nitrile Rubber) (NBR) is a synthetic rubber, mainly used for manufacturing various rubber articles, such as Oil Seals, Hoses, Automotive products, Gaskets, Rice Dehusking Rolls, Printers supplies, Footwear products, Aprons and coats, Coated fabrics, Oil field products etc. NBR is classifiable under heading 4002-59 of Schedule I of Indian Custom Tariff Act, 1975 and falls under the Indian Trade Classification (Based on Harmonised Commodity Description and Coding System) No. 4002-59—other Acrylenitrile Butadiene Rubber.

4. Dumping

The total import of NBR increased from 3109 MT in 1992-93 to 6545 MTs in 1993-94. The import from Japan increased from 1863 MT in 1992-93 to 4140 MT in 1993-94 as per the data compiled by the Directorate General of Commercial Intelligence and Statistics, India. The average cif price of the imported product originating from Japan declined from Rs. 37.92 per kg. in 1992-93 to Rs. 36.44 per kg. in 1993-94. The average export price is lower than the price in the domestic market of the exporting country.

5. Injury

The absolute volume of imports—both totally from Japan—has more than doubled in 1993-94 in comparison with 1992-93. Despite the 110% increase in imports, the market share of the Indian industry has fallen from 40% in 1992-93 to 27% in 1993-94. The capacity utilisation has also remained almost stagnant at 35% for the petitioner company and was 29% for the entire industry. The domestic industry has been forced to reduce its selling prices to unremunerative level to market its product by matching by and large its prices with the declining prices of the product originating from Japan. The decline in selling prices by the petitioner company even below the cost of sales has resulted in losses both in 1992-93 and 1993-94 to the petitioner.

6. There is a prima facie evidence that imports of NBR originating from Japan are causing material injury to the Indian industry.

7. Initiation of Anti Dumping Investigation

Therefore, I am initiating anti dumping investigation into the existence, degree and effect of alleged dumping of NBR.

8. Time Limit and Address for making submissions

The exporters in Japan and importers known to be concerned are being addressed separately to make their views known in the form and manner prescribed so as to reach me within 40 days of the date of this Notification at the following address :

Dr. J. K. Bagchi
Designated Authority
AND
Additional Secretary
Ministry of Commerce
Room No. 134 A, Udyog Bhavan
New Delhi-110 011
INDIA

Other interested parties are advised to make their submissions relevant to the investigation in the prescribed form and within the time limit at the above address.

J. K. BAGCHI, Designated Authority and Addl. Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054, 1994